बुकमार्क

इस ट्यूटोरियल में आप एक सुंदर बुकमार्क बनाना सीखेंगे।

सभी पुस्तकप्रेमी और पुस्तकप्रेमी एवं रचनात्मक उत्साही लोगों के दोस्तों के लिए, यह प्रोजेक्ट आपको कुछ महत्वपूर्ण पॉइंट्स अर्जित करने में मदद करने वाला है। यह बिलकुल आसान और आनंददायक है। इस ट्यूटोरियल में आप एक सुंदर बुकमार्क बनाना सीखेंगे। यदि आप उन लोगों में से हैं जो सिलाई जितना ही पढाई में भी मजा पाते है, तो फिर यह तो सोने पे सुहागा जैसा है.

इस बुकमार्क को बनाने के लिए आपको चाहिए होगा - एक 8 x 1.5 इन्चा का फेल्ट का टुकड़ा, अपनी पसंद का एक छोटा सा रंगीन पैच, कुछ पिन, धागे, मार्कर, एक मापन स्केल और पैंकिंग शीयर्स।

ज़िग ज़ैग किनार पाने के लिए अपने पिंकिनिग शीयर्स की मदद से फेल्ट के किनार को ट्रिम करे, यह एक अच्छा डिजाइन तत्व जोड़ देगा और कपड़े को फट जाने से बचाएगा।

कपड़े के केंद्र में एक रेखा खींचें। कपड़े के ऊपर फ्लावर पैच रखें और सुरक्षित करने के लिए इसे पिन करें। वक्त है स्टिचिंग करने का

अपनी मशीन को सेट करे - पैटर्न सिलेक्टर को C पर घुमाए और स्टीच लेंथ सिलेक्टर को SS मोड़ पर घुमाए, यहाँ..

जब तक आप पेच तक पहुंचे तब तक, चिह्नित लाइन पर सिलाई करे। डिज़ाइन को आकर्षक बनाने के लिए धागे के विविध रंगों का उपयोग करें।

सिलाई पैटर्न को बदलने के लिए सुई को ऊपर उठाएं - स्टीच पैटर्न सिलेक्टर को A में बदले, और स्टीच लेंथ सिलेक्टर को SS मोड में रहने दें।

सिलाई वहाँ से जारी रखें, जहां से आपने छोड़ा था। पिन निकालें और पैच के केंद्र तक सिलाई करें। सुई उठाएं, और दोनों चोर पर से अतिरिक्त धागे को ट्रिम करें।

और यह क्या! आपका बुकमार्क तैयार है!

इस बुकमार्क के लिए हमने एक फ्लावर पैच चुना था, लेकिन आप बेझिझक अपने खुद की पसंद का पैच चुनें या इसे बना सकते है - उदाहरण के तौर पर, कुछ अलग तरीके से रखा गया एक बड़ा और एक छोटा सा चौकोर। या यह आपकी कल्पना के किसी भी काम को भी दर्शा सकता है, या फिर आपकी विचारशक्ति का प्रतिनिधित्व करता कोई अर्थपूर्ण पेच भी हो सकता है... बस कुछ भी चल सकता है।